RECREATION

ड्रॉप-इन प्रोग्राम रजिस्ट्रेशन समय सीमा में बदलाव

24 मार्च से शुरू करते हुए, भागीदार, प्रोग्राम शुरू होने के समय से 5 घंटे पहले, ड्रॉप-इन प्रोग्रामों के लिए रजिस्टर कर सकते हैं।

अकसर पूछे जाने वाले सवाल

ड्रॉप-इन प्रोग्राम क्या है?
ड्रॉप-इन प्रोग्राम, ऐसे प्रोग्राम हैं, जो एक-बार होते हैं, आप इनके लिए वहां जाकर भुगतान कर सकते हैं। ये मल्टी डेट कोर्स का हिस्सा नहीं हैं। उदाहरणों में शामिल हैं, पब्लिक तैराकियां, पब्लिक स्केट्स और "ड्रॉप-इन" (बिना बुक किए) के तौर पर लेबल किए गए प्रोग्राम।

मैं ड्रॉप-इन प्रोग्राम के लिए कैसे रजिस्टर करूं?
निवासियों और मेम्बर्स के लिए रजिस्ट्रेशन, 25 घंटे पहले और गैर-निवासियों के लिए एक घंटा पहले उपलब्ध हैं। रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन, brampton.ca,/registerforprograms पर, किसी भी रेक्रिएशन सेंटर में खुद जाकर और 311 पर फोन करके पूरे किए जा सकते हैं।

यदि मेरे पास मेम्बरशिप है तो क्या मुझे ड्रॉप-इन प्रोग्रामों के लिए पहले ही रजिस्टर करने की जरूरत है?
जगह सुरक्षित करने के लिए, सही प्लानिंग और अधिक-डिमांड वाले रेक्रिएशन प्रोग्रामों तक पहुंच की गारंटी को सुनिश्चित करने के लिए, मेम्बरशिप के साथ भी, एडवांस रजिस्ट्रेशन की सलाह दी जाती है। अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए जल्दी रजिस्टर करवाएं, क्योंकि प्रसिद्ध प्रोग्रामों के लिए जगहें अकसर तेजी से भर जाती हैं। यदि जगह उपलब्ध होती है, तो वॉक-इन (बिना बुक किए) आने पर भी जगह दी जाती है।

यदि मैं ड्रॉप-इन प्रोग्राम में न आ पाऊं तो क्या होगा?
कृपया अपने ऑनलाइन अकाउंट पर लॉग इन करके, अपना ड्रॉप-इन रिजर्वेशन रद्द कर दें। रद्द करना, प्रोग्राम के शुरू होने से एक घंटा पहले तक, 311 द्वारा स्वीकार किया जाता है। भागीदार अपनी बुकिंग रद्द करने के लिए, recreation@brampton.ca पर 24 घंटे के एडवांस नोटिस वाली ईमेल भी कर सकते हैं।

रेक्रिएशन प्रोग्रामों और सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, *brampton.ca,/registerforprograms* पर जाएं।

BRAMPTON